# University in News on 2 January 2020

## i-Next Page No. 8

एलयू के नये वीसी बोले, यूनिवर्सिटी को दिलाएंगे इंटरनेशनल पहचान

# एलयू को बनाएंगे ब्रांड विदेशी छात्र भी आएंगे

**INITIATIVE**

**डीयू, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी आदि की तर्ज पर होगी एलयू की ब्रांडिंग**

**वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (1 Jan):** आने वाले कुछ दिनों में एलयू को पूरी तरह डिजिटलाइज्ड कर ब्रांड के रूप में विकसित किया जाएगा. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ यूनिवर्सिटी को इसके 100वें साल में एक ब्रांड के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है. उन्होंने यूनिवर्सिटी के सभी कामों को डिजिटल मोड में लाने के साथ भविष्य की तैयारियों के लिए कई समितियों के गठन का निर्णय लिया है. सभी समितियां आने वाले समय में इस पर अपने सुझाव और प्लान देंगी.

### ब्रांड बनाने का निर्णय

बुधवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने लूटा, एडमिशन कोऑर्डिनेटर, इंचार्ज डाटा रिसोर्स सेंटर, चीफ प्रॉक्टर व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के साथ बैठक की. उन्होंने यूजी-पीजी के सभी एडमिशन को इस सेशन से ऑनलाइन करने के साथ ही दूसरे स्टेट के स्टूडेंट्स को एलयू की ओर आकर्षित करने को ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया. उन्होंने एलयू को दिल्ली यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी आदि की तरह ब्रांड बनाने की बात कही.

### एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन

बैठक में एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. अनिल मिश्रा एडमिशन से जुड़ा प्रेजेंटेशन दिया. जिसे देखने के बाद वीसी ने नए सेशन में एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन व पेपर लेस कराने की बात कही. वीसी ने कहा कि एडमिशन के समय ही स्टूडेंट्स का डीजी लॉकर और रजिस्ट्रेशन कराया जाए, ताकि स्टूडेंट्स का सारा रिकार्ड एक जगह सुरक्षित रखा जा सके. इसके साथ ही प्रो. अनिल मिश्रा ने इंचार्ज डाटा रिसोर्स सेंटर के तौर पर भी अपना प्रेजेंटेशन दिया. जिस पर वीसी ने यूनिवर्सिटी डीडीयू सेल को क्रियाशील करने के लिए स्टूडेंट्स के एडमिशन के बाद सारा रिकार्ड ऑनलाइन सुनिश्चित करने के साथ ही साथ स्टूडेंट्स की पूरे साल की अटेंडेंस का रिकार्ड भी ऑनलाइन करने की जिम्मेदारी उन्हें दी. अब नए सेशन से स्टूडेंट्स को उनकी लॉगइन आईडी पर अटेंडेंस के साथ पूरी डिटेल उपलब्ध कराई जाएगी.

CONCEPT PIC



**फैक्ट मीटर**

- स्टूडेंट्स को दी जाएगी डिजी लॉकर की सुविधा
- प्लेसमेंट सेल को मजबूत कर दिलाएंगे जॉब
- इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए बनाया जाएगा सेल
- डिजिटलाइज्ड किए जाएंगे एलयू के सभी काम

### इंटरप्रेन्योर सेल करेंगे स्थापित



वीसी प्रो. आलोक कुमार के प्लेसमेंट सेल को ताकि अधिक से अधिक लिए बुलाया जा सके. वहीं को बढ़ावा देने के जाएगा. जो स्टूडेंट्स के और उनको स्टार्टअप में राय ने बताया कि एलयू और मजबूत बनाया जाएगा. कंपनियों को यहां प्लेसमेंट के यूनिवर्सिटी में इंटरप्रेन्योरशिप लिए अलग से सेल बनाया आईडियाज को बेहतर करने बढ़ाने में मदद करेगा.

**सभी कामों को डिजिटल मोड में लाने के साथ भविष्य की तैयारियों के लिए कई समितियों के गठन का निर्णय लिया.**

### दूसरे स्टेट के स्टूडेंट्स को एडमिशन

बैठक में वीसी ने कहा कि विभिन्न कोर्स की खाली सीटों को दूसरे स्टेट के स्टूडेंट्स से भरा जाए. दूसरे राज्यों में एलयू को एक ब्रांड की तरह प्रस्तुत किया जाए. इसके लिए यूनिवर्सिटी में मिलने वाली सुविधाओं, कोर्स, फीस, फैकल्टी और प्लेसमेंट आदि को लेकर एक कार्ययोजना बनाई जाए. एलयू के प्रवक्ता डॉ. संजय मेधावी ने बताया कि जल्द एक समिति बनाई जाएगी जो दूसरे राज्यों के स्टूडेंट्स को यहां एडमिशन के लिए आकर्षित करने की कार्ययोजना बनाएगी. वहीं प्रक्रिया विदेशी स्टूडेंट्स को आकर्षित करने के लिए अमल में लाई जाएगी.